2021

HINDI

(Humanities / Science / Music Group)

Full Marks : 50

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित गद्यांश से संबंधित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

"सभ्य मानव लगभग सदा ही अपने पर्यावरण पर अस्थायी प्रभुत्व स्थापित करने में सफलता प्राप्त करता रहा है। उसकी मुख्य कठिनाइयाँ तभी आरंभ हुईं जब वह इस भ्रम का शिकार हो गया कि उसका प्रभुत्व अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी है। वह प्रकृति के नियमों को ठीक से समझने में गलती करते हुए भी अपने-आप को दुनिया का मालिक समझने लगा। मानव सभ्य हो या बर्बर, प्रकृति की संतान है, उसका स्वामी नहीं। यदि उसे अपने पर्यावरण पर प्रभुत्व बनाए रखना है तो उसके लिए कतिपय प्राकृतिक नियमों के अनुसार चलना आवश्यक है। वह जब प्रकृति के नियमों का उल्लंघन करता है, तभी वह उस प्राकृतिक पर्यावरण को नष्ट कर बैठता है जिस पर उसका अपना जीवन निर्भर है और जब उसका पर्यावरण तेजी से बिगड़ने लगता है तब उसकी सभ्यता का पतन भी होने लगता है।"

(क) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से उद्धृत है तथा इसके लेखक कौन हैं? 2

(ख) सभ्यता के विकास के लिए मनुष्य किस पर प्रभुत्व स्थापित करता रहा है और इस प्रभुत्व स्थापन में वह किस भ्रम का शिकार हो जाता है? 4

(ग) मानव-सभ्यता के पतन के क्या कारण हैं? 4

(घ) पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए हमें किन नियमों के अनुसार चलना चाहिए? 5

अथवा

किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×3

(क) 'क्या निराश हुआ जाए' शीर्षक का औचित्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'भोलाराम का जीव' कहानी की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए।

(ग) पर्यावरण को बचाने के उपाय सुझाइए।

(घ) 'मंत्र' कहानी के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ङ) घीसा के चरित्र की दो विशेषताएँ बताइए।

2. अपने नगर की ध्वनि-प्रदूषण समस्या पर समाचार-पत्र के लिए एक प्रतिवेदन लिखिए। 10

अथवा,

प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन पत्र लिखिए।

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दों के हिंदी रूप लिखिए : 1×5

Ad hoc, Bonafide, Circular, Agreement, Bail, Revenue, Divident.

4. 'त्रिशंकु' कहानी की मूल संवेदना पर प्रकश डालिए। 10

अथवा,

'भोलाराम का जीव' में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए। 10

5. 'पैतृक संपत्ति' कविता के केंद्रीय भाव को स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा,

'धार्मिक दंगों की राजनीति' कविता का मूल-भाव स्पष्ट कीजिए। 10